तापमान

भोपाल	22.0°	30.0°
इंदौर	22.0°	30.0°
जबलपुर	23.0°	26.0°
ग्वालियर	26.0°	33.0°
सागर	23.0°	29.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 280, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण द्वादशी संवत् 2083
मंगलवार, 8 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... तातारस्तान और यूएई प्रतिनिधियों से उद्योग ...

खेल... ग्रीम स्मिथ सहित इन खिलाड़ियों के नाम है सबसे लंबे ...

व्यापार... सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी...

देश-विदेश... चीन के नास्त्रेदमस की 2027 के लिए पांच डरावनी...

खास-खबरें

विरोध के बीच मुख्य न्यायाधीश ने शपथ ली

नईदुनिया ब्यूरो, चंडीगढ़ः जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 37वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। चंडीगढ़ स्थित पंजाब लोक भवन में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस मिश्रा की नियुक्ति को लेकर पंजाब सरकार ने विरोध जताया था। विवाद के चलते मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब सरकार का कोई मंत्री शपथ समारोह में शामिल नहीं हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह में मौजूद रहे।

शिक्षक नाम के आगे लगा सकेंगे 'टीआर'

नईदुनिया ब्यूरो, बेंगलुरुः कर्नाटक सरकार ने शिक्षकों को विशेष सम्मान देने के लिए उनके नाम के आगे 'टीआर' लिखने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर जारी इस आदेश के तहत इसका उपयोग डॉक्टरों के लिए 'डीआर' और प्राध्यापकों के लिए 'प्रोफ' की तरह सम्मानसूचक पहचान के रूप में किया जा सकेगा। विजयनगर जिले के कुदलिगी में उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को सम्मान देना और शिक्षण पेशे को अलग पहचान प्रदान करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'टीआर' केवल सम्मान के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा।

विमान में हंगामा करने पर यात्री को बांधा

वॉशिंगटन, एजेंसीः अमेरिका में अमेरिकन एयरलाइंस की एक उड़ान में 67 वर्षीय यात्री ने हंगामा कर दिया। उसने फ्लाइट अटेंडेंट के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और समलैंगिक लोगों को गालियां दीं। विरोध करने वाले यात्री पर उसने हमला कर दिया तथा बीच-बचाव करने आई महिला को धक्का दिया। हालात बिगड़ने पर तीन यात्रियों ने उसे टेप और जिप टाई से सीट पर बांध दिया। विमान को बाल्टीमोर की ओर मोड़ना पड़ा। घटना 3 सितंबर को डलास-फोर्ट वर्थ से नेवार्क जा रही फ्लाइट 618 में हुई। आरोपी पर हमला और अव्यवस्थित आचरण के आरोप लगाए गए हैं।

पिकअप पलटी, 13 श्रद्धालुओं की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, बागपतः ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर रविवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी पिकअप के दुर्घटनाग्रस्त होने से 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 से अधिक घायल हुए हैं। पिकअप में 32 श्रद्धालु सवार थे।

शराब में मेथेनॉल की मिलावट की बात सामने आई

सागर में जहरीली शराब का कहर पिता और पुत्र समेत 22 की मौत

शराब ठेकेदार समेत तीस लोगों पर एफआईआर दस आरोपी हुए गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। इस घटना में 112 लोगों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें सागर और भोपाल के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मामले में शराब बेचने वाले ठेकेदार समेत करीब 30 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है, जबकि पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार सुबह महेश रावत, श्याम बाई अहिरवार और कृष्ण कुमार लोधी की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे पहले भोपाल ले जाए गए राम प्रसाद लोधी ने भी दम तोड़ दिया था।

उनके पिता गोविंद लोधी की भी मौत हो चुकी है, जबकि छोटा भाई भूरे लोधी सागर में भर्ती है। दोपहर में गूगरा खुर्द निवासी भगवान सिंह, खटोरा निवासी गोपाल आदिवासी और मुड़ना पैरा निवासी देश कुमार लोधी की मौत की जानकारी सामने आई।

परिजनों के अनुसार शराब पीने के बाद लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी थी। कई मरीजों को पहले स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया गया, जहां से गंभीर स्थिति में सागर और भोपाल भेजा गया। पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार कुछ गांवों में अवैध रूप से शराब बेचने की जानकारी भी सामने आई है। मामले में जुझार लोधी समेत कई लोगों और लाइसेंसी शराब ठेकेदारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस आरोपियों से शराब की आपूर्ति और उसके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

लापरवाही करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

बंडा क्षेत्र में अवैध और जहरीली शराब से प्रभावित लोगों के मामले में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज, सागर में स्वास्थ्य सुविधाओं और पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने तथा सभी शराब दुकानों के स्टॉक की जांच के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज पहुंचकर भर्ती मरीजों का हाल जाना और परिजनों को हरसंभव उपचार उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

जहरीली शराब के स्रोत तक कार्रवाई होगी : देवड़ा

जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में उपमुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सरकार घटना की जड़ तक पहुंचकर जहरीली शराब बनाने और उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि मामले को पूरी गंभीरता से लिया गया है और किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। देवड़ा ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान को गैरजिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि ऐसी घटना को जाति के आधार पर देखना उचित नहीं है। दुखद घटनाओं पर राजनीति करने से बचना चाहिए।

प्रधानमंत्री का जेन-जी से सीधा संवाद आज

नईदुनिया ब्यूरो, वडोदराः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गुजरात दौरे के दौरान वडोदरा में एक विशेष कार्यक्रम में जेन-जी के युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम के लिए तैयार किए गए मंच के साथ वाई आकार का विशेष रैंप बनाया गया है, जिसके आसपास युवा बैठेंगे और प्रधानमंत्री उनसे बातचीत करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण सुबह 10.30 बजे शुरू हुआ और महज एक घंटे में सभी सीटें भर गईं। पंजीकृत लोगों को क्यूआर कोड के माध्यम से प्रवेश मिलेगा। प्रधानमंत्री वडोदरा और आसपास के क्षेत्रों की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद वे नवसारी जाएंगे।

स्वामीनारायण मंदिर से मजबूत होंगे संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में स्वामीनारायण मंदिर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इसे भारत और फ्रांस के सांस्कृतिक संबंधों का नया अध्याय बताया। उन्होंने बीएपीएस और श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि यह मंदिर भारत की आध्यात्मिक विरासत, शिल्प कौशल और आधुनिक इंजीनियरिंग का प्रतीक है।

ईरान के नक्शे पर ट्रंप ने अपनी फोटो लगाई

वॉशिंगटन, एजेंसीः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर करीब एक घंटे में सोशल मीडिया पर सात पोस्ट किए। उन्होंने ईरान की अर्थव्यवस्था, तेल निर्यात, महंगाई और कमजोर होती मुद्रा को निशाना बनाया। ट्रंप ने ईरान के नक्शे के साथ अपनी तस्वीर भी साझा की। खार्ग द्वीप से जुड़ी एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार तस्वीर में तेल ठिकानों पर हमले का दृश्य दिखाया गया और उसके साथ 'बाय-बाय खार्ग' लिखा गया। उन्होंने होर्मुज से तेल आपूर्ति और ईरान के तेल निर्यात से जुड़े ग्राफिक भी साझा करते हुए देश की आर्थिक स्थिति को लेकर दावे किए।

दुबई में निवेशकों को मप्र आने का आमंत्रण

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश पवेलियन का उद्घाटन कर निवेश और व्यापार अवसरों को किया प्रस्तुत

दुबई, एजेंसीः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 के मंच से वैश्विक निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश देश के विशाल घरेलू बाजार के केंद्र में स्थित है और मजबूत संपर्क व्यवस्था, विकसित औद्योगिक आधार तथा निवेश-अनुकूल नीतियों के कारण तेजी से प्रमुख औद्योगिक राज्यों में पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर उन्हें सहयोग देगी और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय, वस्त्र, परिधान, औषधि निर्माण, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, भंडारण, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल अधोसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापार और निवेश सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में खाड़ी देशों के लिए विश्वसनीय आपूर्ति साझेदार बन सकता है। दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों से प्रदेश के कृषि उत्पादों को जोड़ने से किसानों को बेहतर बाजार और उपज का अच्छा मूल्य मिल सकता है।

मुख्यमंत्री ने दुबई में मध्यप्रदेश पवेलियन का उद्घाटन भी किया। इसमें प्रदेश की निवेश एवं व्यापार संभावनाओं, औद्योगिक अधोसंरचना, भूमि बैंक और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों को प्रदर्शित किया गया है। पवेलियन में चंदेरी और महेश्वरी साड़ियों, बाटिक प्रिंट, जरी-जरदोजी, बैतूल के बेल मेटल शिल्प और ग्वालियर के कालीन सहित भौगोलिक संकेतक और एक जिला एक उत्पाद से जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद अल यामाही से भी मुलाकात कर व्यापार, निवेश, कृषि, पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की तथा अरब निवेशकों को मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण दिया।

प्रदेश के तीन शहर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश के शीर्ष पांच में

इंदौर द्वितीय, जबलपुर तृतीय व भोपाल चौथे स्थान पर, वार्ड-60 को राष्ट्रीय सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जनभागीदारी की दिशा में मध्यप्रदेश ने स्वर्णिम उपलब्धि अर्जित की है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 के परिणामों में देश के शीर्ष पाँच स्वच्छ वायु शहरों में प्रदेश के तीन प्रमुख नगरों ने अनुपम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय पटल पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस' के अवसर पर सोमवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन के गंगा प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में 10 लाख से अधिक आबादी वाली श्रेणी में इंदौर एवं जबलपुर तथा वार्ड स्तरीय श्रेणी में भोपाल नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 को

प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव श्री तन्मय कुमार द्वारा प्रदान किया गया।

दस लाख से अधिक जनसंख्या श्रेणी में प्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शनः 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले महानगरों की प्रतिस्पर्धा में इंदौर ने संपूर्ण देश में द्वितीय, जबलपुर ने तृतीय तथा राजधानी भोपाल ने चतुर्थ स्थान अर्जित कर स्वच्छ वायु प्रबंधन में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इसी श्रेणी में ग्वालियर ने 39वाँ स्थान प्राप्त किया। वहीं, 3 से 10 लाख जनसंख्या वर्ग में उज्जैन ने 16वाँ और सागर ने 21वाँ स्थान प्राप्त किया, जबकि 3 लाख से कम जनसंख्या श्रेणी में देवास ने 7वाँ स्थान हासिल किया।

भोपाल के वार्ड क्रमांक-60 को मिला राष्ट्रीय गौरवः वार्ड स्तरीय वायु गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार और नवाचारों के लिए भोपाल नगर निगम के वार्ड क्रमांक-60 को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से सराहा गया। स्थानीय स्तर पर हरित पहल, सघन पौधारोपण तथा नागरिक जागरूकता के प्रभावी प्रयासों के लिए अपर आयुक्त अमन मिश्रा एवं एमआईसी सदस्य आर. के. सिंह बघेल ने यह प्रतिष्ठित सम्मान स्वीकार किया।

कर्मभूमि के प्रति ईमानदारी के साथ मानवता की सेवा करें : भागवत

लंदन, एजेंसीः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि लोगों को अपनी कर्मभूमि के प्रति ईमानदार रहते हुए स्वयं को मजबूत बनाना चाहिए, ताकि वे कर्मभूमि के साथ-साथ मानवता की सेवा भी कर सकें। उन्होंने ब्रिटेन में रह रहे भारतीय मूल के लोगों से कहा कि यदि उनके पास भारत की सेवा के लिए अतिरिक्त समय और साधन हैं तो वे ब्रिटेन के प्रति वफादार रहते हुए भी ऐसा कर सकते हैं। लंदन में आयोजित 'सेलिब्रेशन ऑफ वननेस' कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि हिंदू विचार में अपनापन और एकता का भाव सबसे ऊपर है। दुनिया में ऊपर से अनेक प्रकार की भिन्नताएं दिखाई देती हैं, लेकिन मूल रूप से सभी एक हैं। उन्होंने कहा कि विविधता प्रकृति का हिस्सा है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। भागवत ने समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष के बजाय सहयोग का रास्ता अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे समाधान तलाशने चाहिए, जिनसे सभी पक्षों का लाभ हो। यदि किसी संसाधन की आवश्यकता सभी को है तो उसका साझा उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया। कहा कि मनुष्य प्रकृति का ही हिस्सा है और विकास ऐसा होना चाहिए जिससे मानव आवश्यकताएं पूरी हों, लेकिन पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। लंदन का यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष से जुड़े संपर्क कार्यक्रमों का हिस्सा बताया गया। मोहन भागवत 17 दिन के विदेश दौरे पर हैं और इससे पहले न्यूयॉर्क तथा कनाडा का दौरा कर चुके हैं।



नया वर्ल्ड मैप *संयुक्त राष्ट्र में समान क्षेत्रफल दर्शाने वाले मानचित्र को बढ़ावा देने का प्रस्ताव...*

अफ्रीका इतना बड़ा कि अमेरिका, चीन, भारत भी समां जाएँ

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दुनिया के सामान्य नक्शे में अफ्रीका अपेक्षाकृत छोटा और ग्रीनलैंड लगभग उसके बराबर दिखाई देता है, जबकि वास्तविक क्षेत्रफल में अफ्रीका ग्रीनलैंड से करीब 14 गुना बड़ा है। अफ्रीका इतना विशाल है कि उसमें अमेरिका, चीन, भारत और यूरोप के बड़े हिस्से को समाहित किया जा सकता है। इस अंतर की वजह करीब 450 वर्ष पुराना मर्केटर मानचित्र प्रक्षेपण है। वर्ष 1569 में जेरार्डस मर्केटर ने इसे मुख्य रूप से समुद्री यात्राओं के लिए तैयार किया था। इसमें दिशाएं और कोण उपयोगी ढंग से दिखाई देते हैं, लेकिन गोल पृथ्वी को सपाट सतह पर दर्शाने के कारण भूमध्य रेखा से दूर स्थित भूभाग वास्तविकता से बड़े नजर आते हैं।

इसी कारण उत्तरी क्षेत्रों में स्थित ग्रीनलैंड और यूरोप का आकार नक्शे पर बढ़ा हुआ दिखाई देता है, जबकि भूमध्य रेखा के आसपास स्थित अफ्रीका अपेक्षाकृत छोटा नजर आता है। आलोचकों का कहना है कि इससे दुनिया के भूभागों को लेकर लंबे समय तक गलत धारणा बनी रही।

अफ्रीकी देशों और टोगो ने इस असमानता के खिलाफ मानचित्र को सही रूप में प्रस्तुत करने की मुहिम चलाई। इसके तहत समान क्षेत्रफल को अधिक वास्तविक अनुपात में दर्शाने वाला इक्वल अर्थ प्रक्षेपण सामने आया। इसमें अफ्रीका अपने वास्तविक विशाल आकार के करीब दिखाई देता है, जबकि ग्रीनलैंड और यूरोप का आकार अपेक्षाकृत छोटा होता है।

चार सितंबर 2026 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस दिशा में प्रस्ताव पर मतदान हुआ, जिसमें 164 देशों ने समर्थन किया। भारत ने भी प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। हालांकि, यह प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है और मर्केटर मानचित्र पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार कोई भी सपाट नक्शा पृथ्वी के आकार, क्षेत्रफल, दूरी और दिशा को एक साथ पूरी तरह सही नहीं दिखा सकता। मर्केटर प्रक्षेपण समुद्री नौवहन के लिए उपयोगी है, जबकि इक्वल अर्थ प्रक्षेपण क्षेत्रफल की तुलना के लिए अधिक उपयुक्त माना जाता है।